# महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड

(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)
जागृति विहार, बुर्ला-768020, जिला-सम्बलपुर, ओडिसा
टेली फोन (इपीएबीएक्स)-0663-2542461 से 469, वेबसाइट :www.mahanadicoal.in

## ई-निविदा सूचना

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड की निम्नलिखित ई-निविदाएं, कोल इंडिया लिमिटेड की ई-निविदा पोर्टल (https://coalindiatenders.nic.in) में प्रकाशित है जिन्हें केन्द्रीय सार्वकनिक प्रापण पोर्टल (https://eprocure.gov.in) पर भी देखा जा सकता है । परवर्त्ती विस्तृत विवरण के लिए कृपया इन वेबसाइट्स को देखें ।

| क्रम सं. | निविदा आईडी | कार्य/सेवा का नाम | निविदा का मूल्य (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2020_MCL_163458_1 | Digging and stone pitching at 02 nos. of pond at Bahala Bandha and Nimakata Bandha of Balunga Khamar under CSR works of Lingaraj Area. | 1881180.00 |
| 2 | 2020_MCL_163459_1 | Construction of cement concrete road from Blacktop road to Balunga Pathagara under CSR works of Lingaraj Area. | 1238914.00 |
| 3 | 2020_MCL_163543_1 | Procurement of First and Second Stage Pinion and Gears for 22 KW, BTL gearboxes for OC-1 and 2,OSA. | 584045.00 |
| 4 | 2020_MCL_163296_1 | Supply of Serology and Immunology reagent kits for Department of pathology,NSCH,Talcher. | 246400.00 |
| 5 | 2020_MCL_163421_1 | Maintenanace of 33KV HT Overhead Power supply line of Hingula OCP for a period of one year. | 668275.00 |
| 6 | 2020_MCL_163438_1 | Erection, dismantling and maintenance of 440V(LT) overhead power line for the period of one year at Hingula OCP, Hingula Area. | 1653703.00 |
| 7 | 2020_MCL_163448_1 | Erection, dismantling and maintainence of 6.6 KV overhead power line for the period of one year at Hingula OCP. | 1293596.00 |
| 8 | 2020_MCL_163453_1 | Lowering,Shifting and Erection of stand light towers and mounting/dismantling of 400W/250W HPSV/MH light fittings with all the overhead accessories for a period of one year at Hingula OCP, Hingula Area. | 351896.00 |
| 9 | 2020_MCL_163596_1 | Supply of Cotton Waste at Kaniha OCP (Reserved for MSEs only) | 10974.00 |
| 10 | 2020_MCL_163580_1 | PROCUREMENT OF AIR CONDITION UNIT SPARES | 465195.00 |
| 11 | 2020_MCL_163613_1 | PROCUREMENT OF COAL SAMPLE PREPARATION EQUIPMENTS | 746389.00 |
| 12 | 2020_MCL_163480_1 | Annual operation of Pressure Filter including distribution of water supply in mines area of Balram OCP under Hingula Area (For a period of two years). | 1545352.00 |
| 13 | 2020_MCL_163594_1 | Supplying of water to village Natada, Badajharana and Bethianali under Hingula Area. (Package - 24) | 1117133.00 |
| 14 | 2020_MCL_163611_1 | Hiring of One (1) Car (Indigo/Swift Dzire /Etios or its equivalent) with AC fitted for 12 hrs per day duty for two years for Auditors appointed at Basundhara Area (682 days). (2800km per month run). | 875006.00 |
| 15 | 2020_MCL_163607_1 | Supply of water during summer season 2020 to village New Gopalprasad, New Anantagadia, Kainthanali and Kusumpal under Hingula OCP of Hingula Area. (Package - 12) | 1012152.00 |
| 16 | 2020_MCL_163643_1 | Construction of 07 nos. Isolation stoppings to isolate the depillaring district of WP- III panel of Nandira Colliery. | 681732.00 |
| 17 | 2020_MCL_163645_1 | Supply of water during summer season 2020 to village Chittalpur, Kumunda Naiksahi, Hadisahi, kumunda Hadisahi, Maradaharipur and Ambaburi under Hingula OCP of Hingula Area. (Package - 16) | 1122181.00 |
| 18 | 2020_MCL_163513_1 | Supply of Disc insulators with hardware for Lingaraj area | 336300.00 |
| 19 | 2020_MCL_163314_1 | LT Power Supply arrangement and Street Light arrangement at RR site Mirzadera, SOCP, IBVA near Gumadera | 1414648.00 |
| 20 | 2020_MCL_163409_1 | Procurement of Spares for Rana make Drill machine for Nandira Colliery MCL Talcher Area. | 19446.00 |
| 21 | 2020_MCL_163608_1 | Supply of Spares for WIRTGEN make Surface Miner | 4185203.00 |
| 22 | 2020_MCL_163660_1 | Providing sample collection room, security room at exit gate and contractors time office of KOCP of Basundhara Area | 594675.00 |
| 23 | 2020_MCL_163663_1 | Hiring of 01 (one) Covered Jeep (Bolero / Sumo or equivalent vehicle (Diesel) minimum 7 seater with AC fitted) for 12 hours duty for use of PE(Civil) of Jagannath OCP at Jagannath Area for 682 days in 02(two) years | 955482.00 |
| 24 | 2020_MCL_163664_1 | Modification of VTC for establishing coal sampling room as per NABL norms at Rampur Sub-Area, Orient Area | 1417665.00 |
| 25 | 2020_MCL_163538_1 | PROCUREMENT OF I V FLUID | 284417.00 |
| 26 | 2020_MCL_163590_1 | Making of Temporary Rest Shelter near the Security point of Gate No II at Kaniha OCP of Kaniha Area MCL | 371268.00 |
| 27 | 2020_MCL_163677_1 | Supply of water during summer season 2020 to village Mallibandha, Nuamuhin, Anantagadia and Jambudhara under Hingula OCP of Hingula Area. (Package - 13) | 1122181.00 |
| 28 | 2020_MCL_163683_1 | Supply of water during summer season 2020 to village Gopalprasad Khalisahi (School sahi), Khamar and Patnasahi under Hingula OCP of Hingula Area. (Package - 14) | 1388029.00 |
| 29 | 2020_MCL_163686_1 | Supplying of water to village Badajorada under Hingula Area. (Package - 01) | 1424633.00 |
| 30 | 2020_MCL_163696_1 | Annual cleaning of weigh bridge no. 10 and 11 including cleaning of control room and its surrounding at outsourcing patch Solada at Balram OCP. (for a period of 02 years) | 1446980.00 |
| 31 | 2020_MCL_163735_1 | Supplying and laying of metal and moorum for repair and maintenance of roads inside and around the Mines during Monsoon for the year 2020 at Ananta OCP, JA. | 6432532.00 |
| 32 | 2020_MCL_163673_1 | Laying of new Pipeline in the mine for dewatering and rearrangement of old pipelines as per requirement for dewatering of the mine for a period of 01 year at samaleswari OCP, IB Valley Area. | 2036022.00 |
| 33 | 2020_MCL_163691_1 | Repairing and maintenance of security barrack behind project office of SOCP at IB Valley Area. | 912508.00 |
| 34 | 2020_MCL_163738_1 | Repairing and maintenance of power supply and PVC wiring for 01 to 84 nos. old B-type quarters of Township at Basundhara Area | 7469610.00 |
| 35 | 2020_MCL_163743_1 | Procurement of spares for BG4 EP for MRS MCL Talcher Area. | 1465514.00 |
| 36 | 2020_MCL_163471_1 | Day to day maintenance of water supply pipe line at N.S. Nagar Colony of Bharatpur Project for a period of 02 years(Re Tender). | 8715648.00 |
| 37 | 2020_MCL_163739_1 | Repair and maintenance of Qtr no. T11-12 at Balinga Colony of KOCP of Basundhara Area | 234585.00 |
| 38 | 2020_MCL_163742_1 | Procurement of spares for Vishwa make Gear Box (T-1090,90/110KW) with Drive and Driven Drum (1000 mm) for belt conveyor of HBM,RSA. | 1351673.00 |
| 39 | 2020_MCL_163754_1 | Renovation of pond at Ratansara village under CSR scheme of Basundhara Area | 594764.00 |
| 40 | 2020_MCL_163772_1 | Garland drain cutting aside O.B. dump 4 and 11 near railway track for SILO connectivity at Lingaraj OCP, Lingaraj Area. | 7226787.00 |
| 41 | 2020_MCL_163762_1 | Hiring of 01 No. 10 wheel truck chassis mounted mist blower fog cannon along with min. 25 KVA DG Set and 12 KL Water Tank and suitable no. of nozzles (Max. 2500 KM per month run in non-rainy season and Max.1500 KM per month run in rainy season) | 5790830.00 |
| 42 | 2020_MCL_163832_1 | Construction of extension block at back side of GM office under IB Valley Area. | 8701132.00 |
| 43 | 2020_MCL_163823_1 | Hiring of 01 no. Diesel Driven Pick up van(Mahindra Bolero/Tata or equivalent) with 4plus1 seating capacity and minimum 1(one) Ton Load capacity in rear body, for 24 hrs. Duty with 03 drivers and avg. run of 3000KM per month, for OA, MCL for 03 years | 2639340.00 |
| 44 | 2020_MCL_163706_1 | Repairing of boundary wall of Mine No. 1 and 2 along the public road under Orient Sub Area(1st Re tender). | 680548.00 |
| 45 | 2020_MCL_163811_1 | Replacement of Damaged and Old pipe line of 40 nos C type quarters of N.S. Nagar Bharatpur under Bharatpur Area. | 3355821.00 |
| 46 | 2020_MCL_163819_1 | Distempering, painting of quarters during change of occupancy of residential quarters under Area Unit of Orient Area for one year(1st Re-tender). | 365685.00 |
| 47 | 2020_MCL_163937_1 | Supply on rent with installation and maintenance of 57 Nos. Air Coolers (Including To and Fro Transportation cost) for summer season 2020 for 90 days at CWS IB Valley, Bandhabahal, MCL | 188126.00 |
| 48 | 2020_MCL_163944_1 | Running and Maintenance work of plumbing and water supply (only labour) in Office building, Guest house, Security barrack and entire premises at MCL, Bhubaneswar for a period of two years. | 1118214.00 |
| 49 | 2020_MCL_163659_1 | Hiring of 01 No. 10 wheel truck chassis mounted mist blower fog cannon along with min. 25 KVA DG Set and 12 KL Water Tank and suitable no. of nozzles .Max. 2500 KM per month run in non rainy season and Max.1500 KM per month run in rainy season. | 5790829.00 |
| 50 | 2020_MCL_163954_1 | WBM road from new platform level crossing to coal corridor road at Lingaraj OCP, Lingaraj Area. | 8357470.00 |
| 51 | 2020_MCL_163955_1 | WBM road along with catch drain from CT road junction aside SILO to end point of LNG-4 infront of HEMM workshop at Lingaraj OCP, Lingaraj Area. | 9843379.00 |
| 52 | 2020_MCL_163956_1 | Making WBM surfacing over area of dumper parking under Lingaraj OCP, Lingaraj Area. | 5845842.00 |
| 53 | 2020_MCL_163941_1 | Supply of TATA HITACHI make LCH 350V Hydraulic Shovel Spares | 4583415.00 |
| 54 | 2020_MCL_163969_1 | Supply of Complete Rotating Assembly with CI Impeller for Mather and Platt Make pump | 413000.00 |
| 55 | 2020_MCL_163862_1 | Annual Cleaning and Up-keeping of 78 C Type and 9 D Type quarters at LKPA for 2 years. | 3518915.00 |
| 56 | 2020_MCL_163894_1 | Annual Cleaning and Up-keeping of 496 A Type and 322 B Type quarters at BIT of Lakhanpur Area for 2 years. | 5941790.00 |
| 57 | 2020_MCL_163932_1 | Preparation of ground near back side on newly constructed 48 A Type quarters at BIT of Lakhanpur Area. | 386911.00 |
| 58 | 2020_MCL_163876_1 | PROCUREMENT OF SEAL KIT FOR TIL MAKE HUSKEY CRANE | 87238.00 |
| 59 | 2020_MCL_163882_1 | spares for Propel brake system for PnH Shovel | 254000.00 |
| 60 | 2020_MCL_163919_1 | Internal Wiring by Copper conductor in PVC Conduit to provide power supply for installation of 14 Nos. 3 Phase Tower Type split Acs at Rabindra Bharati Club of N S Nagar Colony of Bharatpur Area. | 253229.00 |
| 61 | 2020_MCL_163888_1 | Hiring of 1 No. 10 wheel truck chassis mounted mist blower fog cannon along with min. 25 KVA DG Set n 12 KL Water Tank n suitable no. of nozzles (Max 2500 km/month run in non-rainy n max 1500 km/month run in rainy season) for 3 yr at Lingraj Area | 5790825.00 |
| 62 | 2020_MCL_163920_1 | Installation of Energy meters with enclosure boxes at Executive quarters of N S nagar Colony of Bharatpur Area. | 341800.00 |
| 63 | 2020_MCL_163921_1 | AMC for Cutting, Welding and Fitting of Picks Holder and fixing of Picks in Ckt No.2,3,4,5,6 and 7 at CHP of Bharatpur OCP for a period of One Year. | 1022057.00 |
| 64 | 2020_MCL_163923_1 | AMC for Dismantling and erection of top rollers, bottom rollers and its brackets in C-4, 5, 6 and 7 conveyors of RLS, Bharatpur OCP for a period of 01 year. | 1389724.00 |
| 65 | 2020_MCL_163943_1 | Supply of drinking water to Jurabaga substation under Area Unit, Lakhanpur Area. | 45984.00 |
| 66 | 2020_MCL_163978_1 | Renovation of Drivers Rest Room of Corporate Office for Conversion into Creche at MCL HQ. | 282513.00 |
| 67 | 2020_MCL_164022_1 | Hiring of one (01) Explosive Van (Capacity 10Te or above) for 12hrs. per day duty for a period of two years for Kulda OCP at Basundhara Area. (730 working days) (2800km run per month) | 2131600.00 |
| 68 | 2020_MCL_163994_1 | Construction of HT line, installation of transformer and drawing of LT line for the rehabilitation site for Hensmul Talasahi under GM Unit, Jagannath Area | 3333708.00 |
| 69 | 2020_MCL_164034_1 | Hiring of one (01) Truck (Capacity 10Te or above) for 12hrs. per day duty for a period of two years for Kulda OCP at Basundhara Area. (682 working days) (2800km run per month) | 1659306.00 |
| 70 | 2020_MCL_163918_1 | Hiring of 01 No. 10 wheel truck chassis mounted mist blower fog cannon along with min. 25 KVA DG Set and 12 KL Water Tank and suitable no. of nozzles (Max. 2500 KM/month run in non-rainy season and Max.1500 KM/month run in rainy season) for a period | 5790829.00 |
| 71 | 2020_MCL_163935_1 | Hiring of 01 No. School Bus having capacity of 53 (52 Plus 1) for 12 hrs duty, max 70 km run per day for a period of two years (250 days per year) for DAV School GM Office, IB Valley Area. | 1780500.00 |
| 72 | 2020_MCL_163942_1 | Hiring of 01 No. Shift Bus having capacity of 26 (25 Plus 1) for 24 hrs duty, max 3000 km run per month for a period of two years (365 days per year) for LOCP, IB Valley Area. | 2597340.00 |
| 73 | 2020_MCL_163959_1 | Hiring of 01 No. 10 wheel truck chassis mounted mist blower fog cannon along with min. 25 KVA DG Set and 12 KL Water Tank and suitable no. of nozzles (Max. 2500 KM/month run in non-rainy season and Max.1500 KM/month run in rainy season) for a period | 5790829.00 |
| 74 | 2020_MCL_163988_1 | Hiring of 01 No. School Bus having capacity of 53 (52 Plus 1) for 12 hrs duty, max 80 km run per day for a period of two years (250 days per year) for LOCP, IB Valley Area. | 1780500.00 |
| 75 | 2020_MCL_163895_1 | Procurement of Bio Pak 240 R for MRS Talcher Area. | 1446827.00 |

एमसीएल ई-प्रापण सहायता केन्द्र (फोन नं-0663-2542695 / 2542264), ई-मेल- hlp-eproc.mcl@coalindia.in R-4971

हमारे ऐप्स प्राप्त करने के लिए टोल फ्री नंबर 1800 200 3004 पर एक मिस्ड कॉल दें ।


# सियाचिन में जवानों को कपड़े-राशन तक मुहैया नहीं, सेना प्रमुख बोले- सीएसी रिपोर्ट पुरानी



नई दिल्ली : दुनिया के सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र सियाचिन में सैनिकों को आवश्यक कपड़ों, बर्फ के चश्मों और पर्याप्त राशन की कमी से जूझना पड़ा। इसका कारण यूपीए–2 सरकार के दौरान खरीद प्रक्रिया में देरी रही। इस दौरान बर्फ के चश्मों की 98 फीसदी कमी रही, वहीं सैनिकों को जरूरत के मुताबिक हाई कैलोरी वाला राशन भी नहीं मिल सका। इसकी 82 फीसदी कमी रही।

सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे ने कैग रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए इसे पुराना बताया है। उन्होंने कहा कि यह रिपोर्ट वर्ष 2015–16 की है न कि मौजूदा समय की। यह थोड़ी सी पुरानी है। सेना प्रमुख ने आगे कहा, श्मैं आपको सुनिश्चित करना चाहता हूं कि वर्तमान में हम पूरी तरह से तैयार हैं। हम इस पूरी तरह से सुनिश्चित कर रहे हैं कि जवानों की सभी जरूरतें पूरी हों।श

संसद में सोमवार को पेश की गई नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सियाचिन, लद्दाख और दोकलम जैसे ऊंचे क्षेत्रों में सैनिकों को उपयुक्त कपड़े, उपकरण व विशेष राशन मुहैया कराए जाने की जरूरत है ताकि अत्यधिक ठंड में उन्हें खराब मौसम व बीमारियों का सामना करने में सक्षम बनाया जा सके। सीएजी ने 2015–2016 से 2017–18 की अपनी रिपोर्ट में पाया कि कपड़ों व उपकरणों की खरीद में चार साल की देरी हुई, जिससे सैनिकों को इसकी गंभीर कमी से जूझना पड़ा। इसके चलते बर्फ के चश्मों की कमी 62 फीसदी से बढ़कर 98 फीसदी हो गई। इतना ही नहीं, सैनिकों को नवंबर 2015 से सितंबर 2016 के बीच मल्टी पर्पज बूट जारी नहीं किए।

रिपोर्ट में एक केस के हवाले से कहा गया, 1,16732 कैंप मेट्रेस (गद्दे) की जरूरत थी और कंपनी को जून, 2013 में ऑर्डर दिया गया। हालांकि कंपनी ने एक भी मेट्रेस की आपूर्ति नहीं की। इतना ही नहीं, गैर आपूर्ति के कारण कंपनी का ऑर्डर रद्द भी नहीं किया गया। इसी तरह, देहरादून की ऑर्डिनेंस फैक्टरी को दिसंबर 2010 और मई 2016 में 9,61,605 चश्मों का ऑर्डर दिया गया था, लेकिन एक भी चश्मे की आपूर्ति नहीं की गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि ऊंचे क्षेत्रों में सैनिकों के लिए राशन का विशेष स्केल उनकी दैनिक ऊर्जा को ध्यान में रखकर तय किया जाता है। हालांकि मूल मदों (बेसिक आइटम) के बदले वैकल्पिक मदों (सब्सिट्यूट) को सीमित प्रतिशत और 'लागत के आधार' पर भी अधिकृत किया गया था। बेसिक आइटम की जगह पर महंगे विकल्पों को समान कीमत पर मंजूरी देने की वजह से सैन्य दलों को दी जाने वाली कैलरी की मात्रा से समझौता किया गया।

मास्क, जैकेट, स्लीपिंग बैग भी पुराने निर्देशों पर खरीदे गए, जिससे सैनिक बेहतर उत्पाद इस्तेमाल नहीं कर सके। खरीद प्रक्रियाओं में देरी से उनके स्वास्थ्य पर भी असर पड़ा। विभिन्न शारीरिक चुनौतियों के चलते उनकी भूख कम हो गई और उनका वजन भी कम हो गया। रिपोर्ट के मुताबिक, जरूरतों का सही आकलन किए बिना ही सालाना योजनाएं बनाई जा रही हैं। काम पूरा होने में तय समय सीमा से बहुत ज्यादा देरी हो रही है।

# माता-पिता ने फिर खटखटाया अदालत का दरवाजा, लगाई गुहार



नई दिल्ली निर्भया के गुनहगारों की फांसी पर रोक की पटियाला हाउस कोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर केंद्र की याचिका के जल्द निपटारे के लिए मंगलवार को निर्भया के माता–पिता ने एक बार फिर अदालत का दरवाजा खटखटाया है।

निर्भया के माता–पिता ने दिल्ली हाईकोर्ट से गुहार लगाई है कि केंद्र की याचिका जल्द निपटारा करें और दोषियों को जल्द फांसी हो। जस्टिस सुरेश कैत ने इस मामले की सुनवाई करते हुए निर्भया के माता–पिता के वकील को यह आश्वासन दिया कि इस मामले में जल्द से जल्द आदेश पारित किया जाएगा। इस मामले की खास सुनवाई करते हुए रविवार को अदालत ने अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था।

निर्भया के गुनहगारों की फांसी पर रोक के फैसले के खिलाफ केंद्र सरकार की याचिका पर हाईकोर्ट में रविवार को विशेष सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दोषियों को जल्द फांसी देने की अपील की।

अदालत में अपनी दलील देते हुए मेहता कहा था कि दोषी कानून की कमजोरी का फायदा उठाते हुए मामले को लंबा खींचते रहते हैं। तेलंगाना में डॉक्टर से दुष्कर्म के आरोपियों का जब एनकाउंटर हुआ तो लोगों ने इंसाफ के लिए ही इसका जश्न मनाया था, न कि पुलिस के लिए। हालांकि इससे गलत संदेश गया... न्यायपालिका की विश्वसनीयता और इसकी सजा देने की शक्ति पर सवाल खड़े हो रहे हैं। हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया।

मेहता ने कहा था, दोषी फांसी से बचने के लिए जानबूझकर याचिका देने में देरी कर रहे हैं। रणनीति के तहत दया याचिका और सुधारात्मक याचिका दायर नहीं कर रहे। गुनहगार देश के सब्र का इम्तिहान ले रहे हैं और यह न्याय प्रणाली से खिलवाड़ है। उन्होंने कहा, जिन दोषियों के सभी कानूनी विकल्प खत्म हो गए हैं, उन्हें फांसी दी जा सकती है। ऐसा कोई नियम नहीं है कि चारों को फांसी एक साथ दी जाए।

मेहता की दलील पर हाईकोर्ट के जज सुरेश कुमार कैत ने पूछा, अगर दोषी चार हैं और दो के कानूनी विकल्प खत्म हो गए हैं और दो के बचे हुए हैं तो क्या होगा? मेहता ने कहा, ऐसे में इन्हें फांसी दी जा सकती है। वहीं, दोषियों की वकील रेबेका जॉन ने कहा, दोषियों को मौत की सजा एकसाथ दी गई, तो फांसी भी एकसाथ दी जानी चाहिए।

केंद्र दोषियों पर देरी का आरोप लगा रहा है, जबकि वह खुद इस मामले में महज दो दिन पहले जागा है। दरअसल, केंद्र सरकार ने पटियाला हाउस कोर्ट द्वारा निर्भया के दोषियों की 1 फरवरी को तय की गई फांसी पर अगले आदेश तक रोक लगाने के फैसले को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

इससे पहले मेहता ने कहा, सुप्रीम कोर्ट द्वारा जब तक एक ही अपराध में सभी दोषियों की अपील पर फैसला नहीं हो जाता, फांसी नहीं हो सकती है। हालांकि, गुनहगारों की अपील खारिज होने के बाद अलग–अलग फांसी हो सकती है। एक बार सुप्रीम कोर्ट दोषियों पर अंतिम फैसला सुना देता है तो उन्हें अलग–अलग फांसी दिए जाने में कोई बाधा नहीं है।सिर्फ एसएलपी लंबित होने पर ही टल सकती है फांसी

दिल्ली जेल नियमावली–2018 के मुताबिक, यदि सुप्रीम कोर्ट के समक्ष विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) आती है तो यही एक अंतिम कानूनी उपचार है जो फांसी टाल सकता है।

अगर किसी एक अपराधी की एसएलपी लंबित हो तो बाकी के दोषियों की फांसी भी स्थगित हो जाएगी। निचली अदालत ने इसी को आधार बनाते हुए सभी दोषियों की फांसी स्थगित कर दी।

मेहता ने कहा हालांकि, यह नियम दया याचिका के संबंध में लागू नहीं होता है।

# आतंकियों को पहुंचाने का धंधा कर रहे ट्रक चालक, कीमत ७० हजार से एक लाख रूपये तक



जम्मू, भारत–पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा से घुसपैठ के बाद आतंकियों को कश्मीर घाटी या फिर किसी अन्य ठिकाने पहुंचाने के ट्रक चालक व परिचालक 70 हजार से एक लाख रुपये की रकम लेते हैं। नगरोटा के बन टोल प्लाजा पर आतंकी हमले में पकड़े गए ओवर ग्राउंड वर्करों से पूछताछ में यह खुलासा हुआ है। जांच एजेंसी के सूत्रों ने बताया कि आतंकियों के नेटवर्क में श्रीनगर से जुड़े रूट पर चलने वाले ट्रक एक बड़ी कड़ी के रूप में सामने आ रहे हैं। आतंकियों की घुसपैठ से लेकर इन्हें ठिकानों तक पहुंचाने का सौदा होता है। पूछताछ में आतंकियों के ओजीडब्ल्यू ट्रक चालक और सहचालक ने बताया है कि उन्हें सामान्य आतंकी के 70 हजार जबकि बड़े आतंकी को पहुंचाने के लिए एक लाख रुपये मिलते हैं। बन टोल प्लाजा ही नहीं, इससे पूर्व में पकड़े व मारे गए आतंकियों के मामले में भी इसका खुलासा हुआ है।

# एनआरसी के खौफ से पश्चिम बंगाल में ३० से अधिक लोगों की हो चुकी है मौत

कोलकाता पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) का विरोध करने वाले प्रदर्शनकारियों को कथित तौर राष्ट्र विरोधी बताने के लिए भाजपा नेताओं की आलोचना की और कहा कि दिल्ली के शाहीन बाग और जामिया मिल्लिया इस्लामिया के बाहर हाल में हुई गोलीबारी शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों को आतंकित करने का प्रयास था।ममता ने कहा कि प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी एनआरसी के खौफ से पश्चिम बंगाल में 30 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि एनपीआर, एनआरसी और सीएए काला जादू जैसे हैं। क्या आप (भाजपा) मुझे देश से बाहर निकाल देंगे क्योंकि मेरे पास मेरी मां का जन्म प्रमाण–पत्र नहीं है। हम (तृणमूल) भाजपा की तरह दुशासन वाला दल नहीं हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए बनर्जी ने कहा कि "केवल चुनाव के दौरान खुद को चौकीदार बताने वाले" प्रधानमंत्री से उलट वह पूरे साल लोगों का ख्याल रखती हैं और उनकी समस्याओं को सुनती हैं।